शिविर | विशाल रक्तदान शिविर में महिलाओं और युवाओं की सहभागिता से 59 यूनिट रक्त संग्रहित

# जीवन बचाने का सबसे पवित्र माध्यम है रक्तदान : न्यायाधीश




**नवभारत,देपालपुर।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर सेवा, संवेदना और इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए देपालपुर सर्विस हेल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान–महादान शिविर ने मानवता के प्रति समाज की जागरूकता और समर्पण का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। एम.वाय. हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में युवाओं, महिलाओं, समाजसेवियों, अधिवक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। शिविर में कुल 59 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो अनेक जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अपने प्रेरणादायी एवं भावपूर्ण उद्बोधन में कहा कि रक्तदान किसी अनजान व्यक्ति की धड़कनों को जीवन देने का संकल्प है। यह वह अमूल्य उपहार है जो किसी परिवार को टूटने से बचा सकता है, किसी माँ की आँखों में उम्मीद लौटा सकता है और किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और स्वैच्छिक रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है। रक्तदाताओं को फरिश्ता और जीवनदाता बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोग समाज के सच्चे नायक हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के मानव जीवन की रक्षा के लिए आगे आते हैं। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान करने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वह भावपूर्ण क्षण रहा जब जिला न्यायाधीश श्री खान ने रक्तदान की प्रेरणा एवं रक्तदाताओं के सम्मान में अपनी मार्मिक ग़ज़ल प्रस्तुत की। ग़ज़ल के असरदार अशआरों ने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया और पूरे वातावरण को सेवा, करुणा एवं भाईचारे की भावना से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर देपालपुर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अंतरसिंह मौर्य, उपाध्यक्ष दिलीप डाबी, अधिवक्ता राजीव पटेल,सहायक लोक अभियोजन अधिकारी विशाल गुप्ता, एडीपीओ अंतर सिंह डाबर, नायब नाजिर दिलीप यादव एवं स्वास्थ्य विभाग के फारूख खान की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदान को सबसे बड़ा मानवीय दायित्व बताया। शिविर का संचालन स्टेट ऑफ आर्ट मॉडल ब्लड बैंक, महाराजा यशवंतराय चिकित्सालय (एम.वाय. हॉस्पिटल) इंदौर की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। डॉ. सुशांत कुमार एवं उनकी टीम ने रक्तदान की समस्त प्रक्रिया को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया। चिकित्सकीय दल ने रक्तदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की। शिविर की सबसे प्रेरणादायक उपलब्धि महिलाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही। बड़ी संख्या में महिलाओं ने रक्तदान कर यह संदेश दिया कि समाज निर्माण और मानव सेवा के हर अभियान में महिलाएं समान रूप से अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। वहीं अनेक युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया। देपालपुर सर्विस हेल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष मोइनुद्दीन कुरैशी, कोषाध्यक्ष रिजवान मंसूरी, प्रचार सचिव इस्लाम मंसूरी सहित संस्था के सदस्य वासिफ शेख, जुबेर शेख, सदाब पठान, शाहरुख शेख, अमजद मंसूरी, शहबाज पठान, मोइनुद्दीन फारूकी, वसीम खान, समीर सिसगर, मकसूद पठान, मोहम्मद आरिफ, फिरोज खान, जुबेर खान, एवं महेश गोस्वामीजी सहित अन्य महानुभावों व कार्यकर्ताओं ने शिविर की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अथक प्रयासों और जनजागरण अभियान के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में रक्तदाता शिविर से जुड़े। शिविर के समापन अवसर पर सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया तथा सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। फाउंडेशन ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी और समाजोपयोगी कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प दोहराया। यह आयोजन एक बार फिर यह संदेश देने में सफल रहा कि जब समाज मानवता के लिए एकजुट होता है, तब रक्त की हर बूंद किसी अनजान जीवन में उम्मीद की नई रोशनी बनकर उतरती है।



# एक दिन की बारिश के बाद फिर बदला मौसम

**दिनभर खिली धूप से बढ़ी उमस**

**नवभारत,शहडोल।** जिले में एक दिन हुई बारिश के बाद शनिवार को मौसम ने फिर करवट बदल ली। शुक्रवार को दिनभर आसमान में बादलों का डेरा रहा और जिले के अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई थी। बारिश के चलते लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली थी, लेकिन शनिवार सुबह से ही मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान से बादल छंट गए और तेज धूप निकलने से दिनभर उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। शनिवार को सुबह से ही तेज धूप खिलने के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। बारिश के बाद निकली धूप और वातावरण में नमी अधिक होने से उमस का असर बढ़ गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर निकलने वाले लोग पसीने से तरबतर नजर आए। गर्म और उमस भरे मौसम के कारण लोगों को घरों में भी राहत नहीं मिल सकी।

मौसम के लगातार बदलते स्वरूप का असर जनजीवन पर भी दिखाई दे रहा है। कभी तेज धूप तो कभी बादल और बारिश की स्थिति बनने से लोगों को दैनिक कार्यों में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की नजर भी मौसम पर टिकी हुई है, क्योंकि आगामी दिनों में खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य शुरू होना है। ऐसे में अच्छी बारिश का इंतजार किया जा रहा है।मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, मानसून के सक्रिय होने के साथ ही आगामी दिनों में मौसम का यही उतार–चढ़ाव बना रह सकता है। बीच–बीच में बारिश और धूप का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि वातावरण में नमी अधिक होने के कारण उमस की स्थिति बनी रहेगी। लोगों को तेज धूप के दौरान आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकलने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी गई है। जिलेवासियों को फिलहाल गर्मी और उमस से तत्काल राहत मिलने की उम्मीद कम दिखाई दे रही है। हालांकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है, जिससे तापमान में कुछ गिरावट आ सकती है।

# अध्यक्ष पद के लिए शैलेन्द्र सिंह की दावेदारी से अधिवक्ता जगत में उत्साह



**नवभारत,बुढार।** अभिभाषक संघ बुढार के सत्र 2026–28 के प्रतिष्ठित चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेन्द्र सिंह बघेल द्वारा अध्यक्ष पद हेतु नामांकन प्रस्तुत किए जाने के साथ ही न्यायालय परिसर में उत्साह, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण निर्मित हो गया। अपनी सादगी, सौम्यता, मिलनसार व्यक्तित्व तथा विधिक क्षेत्र में दीर्घ अनुभव के लिए पहचाने जाने वाले श्री बघेल को अधिवक्ता समुदाय का व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है। श्री बघेल वर्षों से अधिवक्ताओं के हितों, न्यायिक गरिमा तथा संगठनात्मक एकता को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर सक्रिय रहे हैं। उनके व्यवहार की मधुरता, विचारों की गंभीरता और कार्यशैली की पारदर्शिता ने उन्हें अधिवक्ता समाज में एक सम्मानित एवं लोकप्रिय व्यक्तित्व के रूप में स्थापित किया है। वे सदैव वरिष्ठ अधिवक्ताओं के प्रति आदर तथा कनिष्ठ साथियों के प्रति आत्मीय सहयोग की भावना रखते हैं, जिसके कारण वे सभी वर्गों के बीच समान रूप से प्रिय हैं। नामांकन के अवसर पर न्यायालय परिसर में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति ने उनके प्रति विश्वास और सम्मान को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के आशीर्वाद तथा युवा अधिवक्ताओं के उत्साहपूर्ण समर्थन ने इस अवसर को एक गरिमामय और प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया। अधिवक्ता समुदाय का मानना है कि श्री शैलेन्द्र सिंह बघेल के नेतृत्व में अभिभाषक संघ नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा अधिवक्ताओं के हितों के संरक्षण, संगठन की मजबूती और न्यायिक मूल्यों के संवर्धन को नई दिशा मिलेगी। उनकी उम्मीदवारी को संगठनात्मक समरसता, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता का सशक्त प्रतीक माना जा रहा है।

# प्राकृतिक खेती से पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन को मिलेगा बढ़ावा : मनीषा सिंह

**कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल में प्राकृतिक खेती एवं मिलेट्स विषय पर कार्यशाला सह संगोष्ठी आयोजित**




**नवभारत,शहडोल ।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल में प्राकृतिक खेती एवं मिलेट्स (मोटा अनाज) आधारित खेती विषय पर कार्यशाला–सह–संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती से जुड़े किसान, प्रगतिशील कृषक, जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि मानव स्वास्थ्य और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने खेती–किसानी में गाय, गोबर एवं गौमूत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए देशी प्रजातियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

सहायक संचालक कृषि अनुराग पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन एवं परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन योजनाओं के तहत जिले के 4,125 किसानों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया है, जो वर्तमान में प्राकृतिक एवं जैविक खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती करने वाले सभी किसानों के मृदा नमूने लेकर उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए जा चुके हैं। शहडोल जिले में कोदो, कुटकी एवं रागी जैसे मोटे अनाजों की खेती प्राकृतिक विधि से की जा रही है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं किया जाता।कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मृगेंद्र सिंह ने प्राकृतिक खेती की आवश्यकता और उसके दूरगामी लाभों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं कृषक वैज्ञानिक डॉ. बृज किशोर प्रजापति ने रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए बताया कि अत्यधिक रसायनों के प्रयोग से मिट्टी की जैविक एवं भौतिक गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे उसकी उर्वरा शक्ति में लगातार कमी आती है। उन्होंने किसानों को जीवामृत के उपयोग एवं उसके महत्व की भी जानकारी दी। प्रगतिशील कृषक राम कुशल पटेल ने प्राकृतिक विधि से पेड़ों के नीचे हल्दी, अदरक, सूरन तथा विभिन्न औषधीय फसलों की खेती के अपने अनुभव साझा किए और किसानों को कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त करने के उपाय बताए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों एवं जनप्रतिनिधियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सोहागपुर हीरावती कोल, जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा, कृषि मोर्चा के रवि त्रिपाठी, सुरेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चंद्रभान सिंह, शिशुपाल सिंह सहित कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में प्राकृतिक खेती से जुड़े प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# गांधी स्टेडियम में मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**सांसद हिमाद्री सिंह होंगी मुख्य अतिथि**




**नवभारत,शहडोल।** आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के तत्वावधान में 21 जून 226, रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन स्थानीय गांधी स्टेडियम में प्रात: 6 बजे से किया जाएगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ष्स्वस्थ आयु के लिए योगष् निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिमाद्री सिंह उपस्थित रहेंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जयसिंह मरावी शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 6 बजे अतिथियों का आगमन एवं स्वागत किया जाएगा। इसके बाद जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन होंगे। कार्यक्रम के दौरान भोपाल से मुख्यमंत्री के संदेश तथा कोलकाता से प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। प्रात: 6.30 बजे से 7 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा।कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समन्वय में आयुष विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रहेगी। जिला प्रशासन ने जिले के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं निरोगी समाज के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की है।

## साइबर सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर, नवभारत।** बडेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जबलपुर में साइबर सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जीआरपी थाना जबलपुर की थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत शुक्ला ने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर उत्पीड़न से बचाव और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने जागरूकता और समय पर शिकायत दर्ज कराने के महत्व पर प्रकाश डाला।

## हथियारों से लैस बदमाशों ने किसान पर किया हमला

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत कुसमी में खेत की बोनी कराने जा रहे एक किसान पर बदमाशों ने लाठी–डंडों, लोहे की रॉड और पाइप से हमला कर दिया। आरोपियों ने न सिर्फ किसान को बेरहमी से पीटा, बल्कि उसकी स्विफ्ट डिजायर कार में भी जमकर तोड़फोड़ की। वारदात के बाद आरोपी किसान को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# डोरी बीनने गई बुआ–भतीजी पर गिरी आकाशीय बिजली, दोनों की मौत

**नवभारत,ब्यौहारी।** जिले के ओदारी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से बुआ–भतीजी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार, ओदारी निवासी इत्तोबाई गोंड (5) अपनी आठ वर्षीय भतीजी सफीना सिंह के साथ घर से करीब एक किलोमीटर दूर महुआ के पेड़ के नीचे महुआ की डोरी बीन रही थीं। इसी दौरान मौसम अचानक बदला और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली उनके समीप गिरने से दोनों उसकी चपेट में आ गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना इतनी भयावह थी कि इत्तोबाई और मासूम सफीना की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनके साथ मौजूद एक अन्य महिला भी बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पपौंध थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में दोनों की मौत आकाशीय बिजली गिरने से होना सामने आया है। उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले दो दिनों के भीतर आकाशीय बिजली से मौत की यह दूसरी बड़ी घटना है।

योग दिवस | लगभग 500 लोगों के सामूहिक रूप से योग करने का अनुमान

# नगर ब्योहारी में योग दिवस के आयोजन की तैयारियां पूर्ण




**नवभारत,ब्योहारी।** 21 जून 2026, रविवार को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर ब्योहारी में ऐतिहासिक सामूहिक योग कार्यक्रम की तैयारियां जोर–शोर से प्रारंभ हो चुकी हैं। कार्यक्रम के विकासखंड स्तरीय नोडल अधिकारी डॉ. योगेशचन्द्र गुप्ता (उच्च माध्यमिक शिक्षक) ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में लगभग 500 लोगों के सामूहिक रूप से योग करने का अनुमान है।

उन्होंने बताया कि कार्यद्मस्त्रद्धम में नगर के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र–छात्राएं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अलावा क्षेत्र केय विधायक, नगर परिषद अध्यक्ष, एसडीएम, बीईओ, थाना प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहकर सामूहिक योग करेंगे।

नगर ब्योहारी में योग दिवस कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार के कारण आमजन में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों का मानना है कि इस कार्यक्रम से लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा अधिक से अधिक लोग अपने परिवार के साथ नियमित योग अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर होंगे। कार्यक्रम का आयोजन केसरवानी विद्यालय, ब्योहारी में प्रात: 6 बजे से 7:45 बजे तकआयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

